आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

02.09.2024 समय : 1850

- पोषण माह मनाए जाने के सिलसिले में द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।
- द्वीपसमूह में आज विश्व नारियल दिवस मनाया गया ।
- उप–पुलिस महानिरीक्षक अजय कृष्ण शर्मा ने कहा कि हिन्दी हमारी राजभाषा है और इसका प्रयोग करने में हमें किसी प्रकार की भी झिझक महसूस नहीं करनी चाहिए।
- द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई।

<><><><><><><>

पोषण माह मनाए जाने के सिलसिले में द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। आज हरिनगर ग्राम पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी उमा देवी ने पोषण अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अनिमिया और कुपोषण की रोकथाम में आयरनयुक्त पोषाहार के महत्व पर जानकारी दी। खंड विकास अधिकारी एस. जोसफ ने पोषण अभियान और जीवन में पोषक तत्वों के महत्व के बारे मे जानकारी दी। पंचायत प्रधान मनोजित हलदार ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखे।

उधर, पोर्ट ब्लेयर के अट्टम पहाड़ में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य और पोषाहार परामर्शदाता डॉ. सारिका वर्मा ने दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। दोपहर बाद भातुबस्ती में अनिमिया जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ज़िला अस्पताल गाराचरमा की सुचित्रा मिस्त्री ने अनिमिया कारण और उपचार के बारे में जानकारी दी। बाल विकास परियोजना अधिकारी–शहरी ने पोषण माह तथा बाल सहायता नम्बर पर विस्तार से उपस्थिति को अवगत कराया।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में आज विश्व नारियल दिवस मनाया गया। दक्षिण अंडमान क्षेत्रीय कृषि कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में मुख्य अतिथि कृषि सचिव बी एस जगलान ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने किसानों को द्वीपों की अर्थव्यवस्था में नारियल के उत्पादन और उत्पादकता के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने किसानों से ताड़ की उत्पादकता बढ़ाने और उनके आर्थिक स्थिति में सुधार करने के लिए कृषि विभाग और नारियल विकास बोर्ड द्वारा प्रदान की गई नई प्रौद्योगिकी को अपनाकर पुराने बागानों को पुनर्जीवित करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि पी–एम आशा योजना के तहत कोपरा खरीद की प्रकिया प्रगति पर है। इसके अलावा उन्होंने किसानों से एकीकृत नारियल प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने का अनुरोध किया, ताकि किसान उससे मूल्य वर्धित उत्पाद तैयार कर सके। उन्होंने किसानों से जैविक खेती को भी अपनाने को कहा। कृषि निदेशक अभिषेक गुलिया ने नारियल के पोषक तत्व और सांस्कृतिक लाभ की जानकारी दी। इससे पहले उपस्थिति का स्वागत करते हुए कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक रमेश कुमार ने इस दिवस के महत्व के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर आई टी एफ दो हजार तेईस–चौबीस के विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

उधर, लिटिल अंडमान के कृषि विभाग में भी विश्व नारियल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के उप–प्रमुख एस. राजा मुख्य अतिथि थे। उन्होंने किसानों से नारियल की उपयोगिता की जानकारी हासिल कर नारियल आधारित उत्पाद तैयार कर अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार करने का अनुरोध किया। आदिवासी परिषद सचिव फेसटस नथानियल और आई टी सी के प्रभारी लियाकत अली ने नारियल के कॉयर फाइबर आधारित उत्पादों के महत्व और युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। खंड विकास अधिकारी चेरियन मैथ्यू ने किसानों को संबंधित विभागों से

कौशल विकास प्रशिक्षण का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह के सदस्यों द्वारा तैयार नारियल आधारित उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसी तरह के कार्यक्रम कार निकोबार और कैम्पबेल बे में भी आयोजित किए गए।

<><><><><><><>

पुलिस मुख्यालय में पिछले दिनों हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न इकाईयों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए उप—पुलिस महानिरीक्षक अजय कृष्ण शर्मा ने कहा कि हिन्दी हमारी राजभाषा है और इसका प्रयोग करने में हमें किसी प्रकार की भी झिझक महसूस नहीं करनी चाहिए। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक कार्य हिन्दी में करने का अनुरोध किया। समापन अवसर पर उप—पुलिस महानिरीक्षक संजय कुमार त्यागी मुख्य अतिथि थे। उन्होंने विभागीय कर्मचारियों से अनुरोध किया कि वे कार्यशाला में सिखाए गए बातों का प्रयोग अपने दैनिक शासकीय कार्यों के निपटान में अवश्य करें।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िले के सभी सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के स्वास्थ्य और देखभाल एम्बेसेडरों के लिए आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण और कार्यशाला का हाल ही में समापन हो गया। सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, स्कूल लाईन में आयोजित समापन समारोह में स्वास्थ्य विभाग के उप—निदेशक डॉ. अविजित रॉय मुख्य अतिथि थे। उन्होंने प्रतिभागियों में प्रमाणपत्रों का वितरण किया।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान आई सी डी एस परियोजना—ग्रामीण के तहत विभिन्न रिक्त पदों में अनुबंध के आधार पर नियुक्ति के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ, लेखा सहायक और एम टी एस के पदों के लिए चार और पांच सितम्बर को सुबह दस बजे से यह साक्षात्कार ज़िला उपायुक्त के कक्ष में लिया जाएगा। लिंग विशेषज्ञ के पद के लिए साक्षात्कार को प्रशासनिक कारणों से रद्द कर दिया गया है।

उधर, पोर्ट ब्लेयर नगरपालिका परिषद विभिन्न ट्रेडों में एक वर्षीय अप्रेन्टिसिस प्रशिक्षण का आयोजन करेगा। आई टी आई धारक उम्मीदवार पन्द्रह सितम्बर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। चयनित उम्मीदवारो को प्रतिमाह मानदेय भी दिया जाएगा।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। लांग आइलैंड में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक पन्द्रह दशमलव छः मिलीमीटर, पोर्ट ब्लेयर में आठ दशमलव छः, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में चार, मायाबंदर मे दो और ननकौड़ी में एक मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। कल के लिए मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के एकाध भागों में भारी वर्षा हो सकती है। तेज हवाओं और खराब मौसम को देखते हुए मछुआरों को चार से छः सितम्बर के बीच समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

समग्र शिक्षा अभियान के तहत सेकेण्डरी स्कूल चेनपुर में व्यवसायिक शिक्षा आई टी लैब और शिल्पकला कक्ष के लिए नए भवन का उद्घाटन किया गया है। मायाबंदर के उप—शिक्षा अधिकारी सुरेश चन्द्र मजूमदार ने स्कूल की उप—प्रधानाचार्या ज्योति जोश लकड़ा और अन्य सदस्यों की उपस्थिति में इसका उद्घाटन किया।

<><><><><><><>

मैसूर में सात वर्ष से कम आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय चेस चैम्पियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। पांच सितम्बर तक चलने वाले इस प्रतियोगिता में द्वीपसमूह से चार लड़के और तीन लड़कियां भी भाग ले रही है।

उधर, विश्व चेस फेडरेशन की ओर से जारी नए अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग सूची में द्वीपसमूह के सात और शतरंज खिलाड़ियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई है।

<><><><><><><>

रंगत पुलिस ने जनकपुर में नशीला पदार्थ बेचने के मामले में संजीव कुमार हलदार नामक पोर्ट ब्लेयर के भातुबस्ती निवासी को गिरफ्तार किया है। सूचना के आधार पर छापेमारी अभियान में दस ग्राम नशीला पदार्थ आरोपी के पास से बरामद हुआ।

उधर, डिगलीपुर पुलिस ने एक किलो से अधिक गांजा प्राप्त करने के मामले में दुर्गापुर के वार्ड नम्बर चार के निवासी उत्तम कुमार बिश्वास को गिरफ्तार किया। कुरियर के माध्यम से इस पार्सल को भेजा गया था।

इस बीच, विदेशी घुसपैठियों से निपटने के लिए मध्योत्तर अंडमान ज़िला पुलिस की ओर से मछुआरों और ग्रामवासियों को शामिल कर सामुदायिक बैठके आयोजित की गई। इन बैठकों में पुलिस अधिकारियों ने घुसपैठियों से निपटने और अन्य गैर कानूनी गतिविधियों से बचने के बारे में जानकारी दी गई। समुदायों को संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और ऐसे मामलों पर तुरंत स्थानीय पुलिस को जानकारी देने को कहा गया, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

<><><><><><><>